गोला बाजार में पटाखा दुकानों से बढ़ा बड़े हादसों का खतरा

सासाराम (आससे)। शहर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले गोला बाजार में स्थित पटाखा दुकानों से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। दीपावली नजदीक आते ही इस बिक्री की जाती है। गोला बाजार शहर के सबसे व्यस्त बाजारों में से एक है, लेकिन इसके आने-जाने का मुख्य मार्ग महज चार फीट चौड़ा है। सुबह से देर रात तक बाजार में भारी भीड़ रहती है। ऐसे में जगह-जगह पटाखों की दुकानें हादसे को खुली दावत दे रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक भी चिंगारी पटाखों में लगी तो पूरा बाजार देखते ही देखते आग की चपेट में आ जाएगा, जिससे सैकड़ों लोगों की जान जा सकती है।




सबसे चिंताजनक बात यह है कि सड़क मात्र चार फीट चौड़ी होने के कारण किसी भी अनहोनी के बाद घटनास्थल तक न तो एम्बुलेंस पहुंच पाएगी और न ही दमकल विभाग की गाड़ी। ऐसी स्थिति में आग और जनहानि दोनों ही बहुत बड़ी होगी।

जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी पटाखा दुकानों को शहर से दूर किसी खुले व सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए और सुरक्षा मानकों की सख्ती से जांच की जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके।

चक्रवात से मौसम में संभावित बदलाव को ले जिला प्रशासन अलर्ट

सासाराम (आससे)। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात के कारण मौसम में संभावित बदलाव को ले जिला प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से बिहार के विभिन्न जिलों में मौसम में बदलाव की संभावना है। इसके प्रभाव से 27 एवं 28 अक्टूबर को रोहतास जिले सहित दक्षिण-पश्चिम बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में मेघ गर्जन, वज्रपात एवं आंधी-पानी की संभावना व्यक्त की गई है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के तीनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारियों एवं सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने, अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने तथा आवश्यकता के अनुरूप त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।



मौसम विभाग, भोपाल द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, मध्य प्रदेश में मूसलाधार बारिश होने की संभावना को लेकर रोहतास और आसपास के सोन नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव की आशंका को देखते हुए सोन नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। साथ ही मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने और सोन टीला पर नहीं ले जाने की सलाह दी गयी है। लोगों को नदी के किनारे अनावश्यक रूप से जाने से बचने, जलस्तर में संभावित बदलाव के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की चेतावनी मिलने पर प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। संबंधित पदाधिकारियों को भी तटीय क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

संभावित बारिश के मद्देनजर जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के किसान भाइयों से अपील की गयी है कि जिन फसलों की कटाई हो चुकी है या जो फसलें पककर तैयार हैं, उनकी कटाई कर सुरक्षित एवं सूखे स्थान पर रखने की व्यवस्था करें। इससे संभावित बारिश के कारण फसलों को होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी। किसानों को मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कृषि संबंधी गतिविधियों की योजना बनाने की भी सलाह दी गई है।

लोगों से अपील की गई है कि आंधी-पानी एवं मेघ गर्जन के दौरान विशेष सावधानी बरतें। वज्रपात की स्थिति में खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों एवं अन्य असुरक्षित स्थानों से दूर रहें तथा किसी सुरक्षित पक्के भवन में शरण लें। खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और मौसम संबंधी चेतावनियों को गंभीरता से लें।



सूर्यपुरा एवं दावथ में बिजली चोरी के मामले में 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज (आससे)। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने, विद्युत राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अवैध विद्युत उपयोग के विरुद्ध कार्रवाई के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा सूर्यपुरा एवं दावथ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों की संयुक्त टीम ने बिजली चोरी के छह मामलों का पता लगाते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी के दौरान कई स्थानों पर एलटी लाइन से मीटर में जाने वाले इनकमिंग तार में अतिरिक्त तार जोड़कर मीटर को बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा की चोरी किए जाने का मामला सामने आया। वहीं, एक मामले में बिना वैध विद्युत कनेक्शन के बिजली का उपयोग किया जा रहा था। जांच के दौरान सूर्यपुरा प्रखंड के अंधार टोला निवासी श्रीभगवान पासवान, पिताङ्कसुधु राम पर 12,807, बागीरथी सिंह पिता-रामानंद सिंह पर 23,360 तथा कलावती देवी पतिङ्कमनोज कुमार सिंह के मुर्गा फार्म पर 17,547 का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार दावथ प्रखंड के योगिनी निवासी श्रवण सिन्हा पिता-टिमिल सिंह पर 12,656 तथा विनय कुमार पिता-ललन सिंह पर 14,614 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त योगिनी निवासी रितु रंजन सिंह पिता-ललन सिंह द्वारा बिना वैध विद्युत कनेक्शन के बिजली का उपयोग किए जाने के मामले में 14,931 का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया। संबंधित व्यक्ति से विद्युत कनेक्शन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। इस प्रकार छह मामलों में कुल 95,915 का जुर्माना लगाया गया। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा आनंद कुमार ने कहा कि बिजली चोरी से विभाग को राजस्व की क्षति होती है तथा इससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है।

कांग्रेस ने किया केन्द्र सरकार पर जोरदार हमला आंदोलन के लिए एकजुट होने का आह्वान

औरंगाबाद (आससे)। वोट चोरी के मामला पहले राहुल गांधी कहते थे लेकिन अब तो चुनाव आयोग के अधिकारी भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगा चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त के जवाब को सुप्रीम कोर्ट ने भी खारीज कर चुका है। राहुल गांधी के आरोप अब सही साबित हुआ है। उक्त बातें कांग्रेस एससीसी सदस्य व छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य सह छत्तीसगढ़ कांग्रेस राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष ने औरंगाबाद सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर कहे। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार और गुजरात लावी वोट चोरी कर लोकतंत्र के हत्या कर रही है। जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी और इसके लिए पुरे देश में लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ आंदोलन करते रहेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इंडिया ब्लाक के सभी घटक दलों के साथ मजबूती से लड



रही है। जब पत्रकारों द्वारा पुछा गया कि पहले जब सरकार विपक्ष को नहीं सुन रहा था और अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई थी तो संपूर्ण विपक्ष संसद से सामुहिक इस्तिफा दिया था तो क्या अब विपक्ष सामुहिक इस्तिफा देगा या विपक्ष को भी कुर्सी प्यारा हो गया है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह हाई लेवल विचार करेगा। प्रेसवार्ता में औरंगाबाद के पूर्व विधायक आनंद शंकर, धिरेन्द्र कुमार सिंह, नागेन्द्र सिंह सहित दर्जनों कांग्रेस नेता मौजूद थे। प्रेस वार्ता के बाद सम्राट अशोक भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठकर भी आयोजित किया गया जिसमें वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन करने, संगठन को मजबूत करने तथा इंडिया ब्लाक के साथ समांजस्य स्थापित रखने पर विचार किया गया।

विभिन्न थाना क्षेत्रों अवैध शराब बरामद

औरंगाबाद (आससे)। गुप्त सूचना के आधार पर औरंगाबाद पुलिस ने कुटुम्बा थानांतर्गत विशेष छापामारी के क्रम में एक मोटरसाइकिल पर लदे कुल-30 लीटर देशी शराब को किया जप्त। कुटुम्बा थाना द्वारा की गई कार्रवाई। गुप्त सूचना के आधार पर औरंगाबाद पुलिस ने कासमा थानांतर्गत विशेष छापामारी के क्रम में कुल 44 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर केदार मांझी पिता जागेश्वर मांझी ग्राम दुगुल थाना कासमा जिला औरंगाबाद को किया गिरफ्तार। औरंगाबाद पुलिस ने नवीनगर थानांतर्गत ग्राम जनकपुर पोखरा के पास से कुल 25.44 लीटर विदेशी शराब को औरंगाबाद पुलिस ने किया जप्त। गुप्त सूचना के आधार पर रिसियप थानांतर्गत विशेष छापामारी के क्रम में एक चार चक्का वाहन पर लदे कुल 91.9 लीटर देशी शराब को औरंगाबाद पुलिस ने किया जप्त।



रोहतास में बिना मान्यता चल रहे 96 निजी स्कूलों पर शिकंजा, कारवाई की तैयारी

डालमियानगर रोहतास आससे। जिले में बिना प्रस्वीकृति के संचालित हो रहे 96 निजी स्कूलों पर शिक्षा विभाग शिकंजा कसने की तैयारी में है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) को ऐसे स्कूलों का संचालन बंद कराने का निर्देश दिया है। स्पष्ट किया है कि मान्यता के लिए आवेदन नहीं करने वाले स्कूलों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। यदि किसी प्रखंड में बिना मान्यता स्कूल संचालित मिलता है तो संबंधित बीईओ पर भी कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान ने संयुक्त रूप से पत्रांक 2782 जारी किया है। इसमें सभी बीईओ को पूर्व के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

विभाग के अनुसार बिना प्रस्वीकृति वाले निजी स्कूलों पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 और बिहार राज्य बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली 2011 के तहत कार्रवाई की जानी है। बीईओ को ऐसे स्कूलों का संचालन बंद कराकर दंड अधिरोपित करने का प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजने का निर्देश है।

आरटीई की धारा 18 के तहत सक्षम प्राधिकार से प्रस्वीकृति प्रमाण पत्र के बिना स्कूल संचालन नहीं हो सकता। इसके लिए ई-संबंधन पोर्टल पर आवेदन अनिवार्य है।

विभाग ने बताया कि नियम उल्लंघन पर आरटीई की धारा 18(5) और 19(5) के तहत एक लाख रुपये तक जुर्माना लग सकता है। निर्धारित तिथि के बाद भी स्कूल जारी रखने पर प्रतिदिन 10 हजार रुपये अतिरिक्त जुर्माना का प्रावधान है।

बिना सूचना ज्वेलर को ले गयी यूपी पुलिस

डालमियानगर रोहतास आससे। निकटवर्ती अकोढ़ीगोला बाजार में गणपति ज्वेल्स के संचालक शुभांक सोनी को स्थानीय पुलिस को बिना सूचना दिए यूपी पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि इनोवा से आए जवान दुकान से शुभांक को अपने साथ ले गए, इसकी जानकारी पास के दुकानदार ने परिजनों को दी।

घटना के बाद परिजन बाजार पहुंचे और स्थानीय थाने से संपर्क कर जानकारी मांगी। स्थानीय पुलिस ने ऐसी किसी कार्रवाई से इनकार किया। थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर सनहा दर्ज कर लिया गया है। बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और उसी आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है।

परिजनों ने प्रशासन से शुभांक के बारे में जल्द जानकारी देने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डेहरी में हुआ पटाखा दुकानों का निरीक्षण

डालमियानगर रोहतास आससे। दीपावली पर्व को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी, डेहरी नीलेश कुमार के नेतृत्व में डेहरी शहर स्थित पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में दुकानों में अग्निशामक यंत्र, बालू भरा बाल्टी एवं पानी भरा बाल्टी रखा पाया गया। दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकान में रखे अग्निशमन यंत्रों का फायर आडिट कराने का निर्देश दिया गया। ताकि आपात स्थिति में उपकरण सही तरीके से काम कर सकें।

साथ ही प्रशासन ने आस-पास बिजली के जर्जर एवं लटके हुए तारों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। एसडीएम ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा मानकों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पटाखा बिक्री के दौरान दुकानों पर अग्नि सुरक्षा के सभी इंतजाम अनिवार्य रूप से रखने को कहा गया है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने और ग्राहकों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

कई देशों की यात्रा कर भभुआ पहुंचे अंतरराष्ट्रीय सिख श्रद्धालु

भभुआ/कैमूर (आससे)। जर्मनी से महामंडलेश्वर परमहंस विश्व नंदा जी के नेतृत्व में भारत भ्रमण पर निकला अंतरराष्ट्रीय सिख श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को भभुआ पहुंचा। इटली, रूस, ब्रिटेन, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका सहित विभिन्न देशों के श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के दरबार में मत्था टेककर अरदास की और सुख-शांति एवं मानव कल्याण की कामना की।अंतरराष्ट्रीय संगत भारत के विभिन्न ऐतिहासिक गुरुद्वारों और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में श्रद्धालु भभुआ पहुंचे। गुरुद्वारे में दर्शन-पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। विभिन्न देशों से आए श्रद्धालुओं की मौजूदगी से गुरुद्वारा परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक माहौल बना रहा।जत्थे के भभुआ पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक राजेंद्र सिंह खालसा ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने अंगवस्त्र भेंटकर अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान ब्रिटेन की स्वामी विश्व मोहिनी, जर्मनी के हंस सहित विभिन्न देशों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे।कार्यक्रम में भाजपा के नरेंद्र आर्य, रघुवंश प्रसाद राम, विकास केसरी, हरजीत कौर, गुरमीत सिंह, सतनाम कौर, गुरदयाल सिंह, त्रिलोचन कौर और देवेंद्र सिंह सहित कई श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय संगत ने गुरुद्वारे में समय बिताकर यहां की धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक विरासत से जुड़ाव महसूस किया।

जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल

भभुआ/कैमूर (आससे)। करमचट थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में रविवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों का सदर अस्पताल भभुआ में इलाज कराया गया।

घायलों की पहचान गांव निवासी रामप्रवेश दुबे के पुत्र अभिषेक दुबे, उनके भाई अभिमन्यु दुबे और चाचा उमेश दुबे के रूप में हुई है। घायलों ने बताया कि उनके पट्टीदारों के साथ जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है।







